# NEWSLETTER

GOLD : 49334
SILVER : 56729
CRUD OIL : 6803

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

17/09/2022


## कॉटन क्वालिटी को लेकर मिल्स चला रही अपनी मनमर्जी: सौरभ बंग



Mr. Sourabh Bang

**लोअर राजस्थान की जिनिंग इंडस्ट्री सांवरिया ग्रुप के सौरभ बंग से एसआईएस की खास बातचीत:**

कॉटन नेचुरल प्रोडक्ट है। हर बार जब इसकी नई क्रॉप आती है तो उसकी क्वालिटी में पिछली बार से कुछ ना कुछ अंतर होता ही है। सीजन की शुरूआत में मॉइश्चर ज्यादा आता है। आरडी वैल्यु हर बार एक सी नहीं आती। बावजूद इसके मिल्स ने अपनी खरीदी शर्ते तय कर रखी है। और वे इन शर्तो से इतर कुछ खरीदना भी नहीं चाहते। मिल्स की यह मनमर्जी हम जिनर्स के लिए बहुत बड़ी समस्या है। सिंगल डिडक्शन तो एक जिनर फिर भी सहन कर लेता है लेकिन डबल डिडक्शन हमारे लिए बहुत घाटे का सौदा होता है। जिनर्स की यह परेशानी एसआईएस के साथ शेयर की लोअर राजस्थान के कॉटन जिनर सौरभ बंग ने।

### जिनर्स भुगत रहा नुकसान

लोअर राजस्थान के भगवानगढ़ श्रीगंगानगर में 1 और जोधपुर जिले में 3 कॉटन जिनिंग फैक्ट्री चला रहे सौरभ ने बताया कि कॉटन की क्वालिटी को लेकर एक जिनर सबसे ज्यादा परेशान होता है। क्योंकि जब हम किसानों से रॉ कॉटन खरीदते है तो वो हल्की और अच्छी दोनों क्वालिटी का होता है , लेकिन जब हम कॉटन बेल्स सेल करते है तो मिल्स उसे अपनी कंडीशन के आधार पर ही खरीदती है। खरीद और बिक्री में आने वाले इस क्वालिटी डिफरंस से हुए नुकसान को जिनर्स को ही भुगतना पड़ता है।

### नहीं है नई जिनिंग लगने की संभावना

लोअर राजस्थान में जिनिंग इंडस्टी की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां 60 के लगभग जिनिंग फैक्ट्री लग चुकी है। इतनी फैक्ट्री की खपत जितना तो कपास तो यहां पैदा भी नहीं होता। इसलिए आने वाले समय में नई फैक्ट्री लगने की संभावना तो ना के बराबर ही है। जहां तक उत्पादन की बात है तो लोअर राजस्थान में करीब-करीब 5 से 5.30 लाख कॉटन बेल्स का उत्पादन होता है।

### हाजिर सौदा करने में ही है फायदा

उन्होंने कहा कि कपास का बाजार अनिश्चितता का बाजार है। वायदा बाजार पर भरोसा करके कारोबार नहीं किया जा सकता। मैं हाजिर सौदा करने में ही यकीन रखता हूं और दूसरे व्यापारी भाईयों को भी यही सलाह दूंगा कि हाजिर भाव में सौदा करें, इससे फायदा जरूर होगा। सौरभ ने बताया कि उनका खल का भी कारोबार है। फिलहाल खल मार्केट में भी मंदी का दौर चल रहा है। जिसकी मुख्य वजह एनसीडीएक्स पर भाव में लगातार अंतर आना और वर्तमान में गायों का लम्पी वायरस से बीमार होना भी है।

### समझदारी से करें इनवेस्टमेंट

सौरभ व्यापार में अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को देते हैं। वे बताते हैं कि उनके पिता सूरजप्रकाशजी बंग, अंकल महेशजी बंग और छोटे भाई पियुष बंग मिलकर इस व्यापार को संभालते है। नए जिनर्स को उन्होंने सुझाव दिया है नया जिनिंग प्लांट डालने से पहले उस बेल्ट की रिसर्च अच्छी तरह कर लें। करोड़ों का इनवेस्टमेंट समझदारी से ही करें ताकि पूरा फायदा मिल सकें। इसके साथ ही बतौर जिनर्स क्वालिटी को हमेशा मेंटेन रखें, क्वालिटी प्रोडक्ट की डिमांड मार्केट में हमेशा रहती है।

## UPCOMING EVENT

### 36वां अंतराष्ट्रीय कपास सम्मेलन

जर्मनी के ब्रेमेन शहर में दो दिवसीय 36वां अंतराष्टीय कपास सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 29 और 30 सितंबर 2022 को होने वाले इस सम्मेलन में कॉटन डिकोटेड विषय पर चर्चा की जाएंगी। इस विश्व स्तरीय सम्मेलन में इंटरनेशनल टेक्सटाइल मेन्युफेक्चरर आईटीएमएफ, दि डिस्कवर नेचुरल फाइबर इनीशिएटिव डीएनएफआई, दि इंडस्टी एसोसिएशन फॉर फिनिशिंग -यार्न- फैब्रिक टेक्नीकल टेक्सटाइल, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर यूएसडीए जैसे विश्व स्तरीय संस्थान भाग लेंगे।

## किसान की आवाज

### खेती की दवाईयों में मिलावट बंद हो तो उपज होगी बेहतर



सुरेंद्र कुमार सिंह (गंगानगर)

राजस्थान में श्रीगंगानगर से 10 किलोमीटर दूर मययावारी गांव के कपास किसान सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 2 साल से कपास के अच्छे दाम मिल रहे है। इस बात से हम किसान बहुत खुश है। कपास की खेती करने में हमें प्राकृतिक रूप से कोई परेशानी नहीं आ रही है। ईश्वर की कृपा से इस बार बारिश भी अच्छी हुई है। बस सरकार से एक ही अपील है कि खेती में लगने वाली दवाईयों में मिलावट को बंद कर दें और ओरिजनल दवाईयां उपलब्ध कराएं। इससे उपज और भी अच्छी होंगी। अभी हमें प्रति बीघा 5 हजार रूपए दवाई का खर्च आता है और वो भी ओरिजनल नहीं मिल पाती।

सुरेंद्र सिंह ने इस साल 10 बीघा जमीन पर खेती की है। वे बताते हैं कि 5 बीघा जमीन पर कपास और 5 बीघा पर ग्वार बोया है। कपास की उगाई शुरू हो चुकी है। फसल अच्छी आई है। उम्मीद है कि 1 बीघा जमीन से 7 क्विंटल कपास निकल जाएगा। उन्होंने कपास भाव 10 हजार रूपए से ज्यादा ही मिलने की उम्मीद जताई।

# NEWSLETTER

NORTH :
CENTRAL :
SOUTH :
*(WEATHER REPORT)*

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

17/09/2022




## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 12 सितंबर से 17 सितंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

शेयर मार्केट में टेक्सटाइल निवेशकों के लिए यह सप्ताह भी पिछले सप्ताह की तरह बेहतरीन रिटर्न वाला रहा। लगभग सभी प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स ने इस सप्ताह पॉजीटिव केप लेकर दमदारी से मार्केट में अपनी जगह बनाए रखी। पिछले सप्ताह की तुलना में इस बार केवल अक्षिता कॉटन के शेयर्स के मार्केट कैप में निगेटिव अंतर आया। जानिए बीएससी के मंच पर कैसा रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 353.15 | 356.65 | 331 | 3.87% |
| अरविंद लिमिटेड | 152.8 | 154.35 | 113.2 | 14.71% |
| वेलसपन इंडिया | 80.7 | 86 | 75.75 | 6.53% |
| नितिन स्पिनर्स | 228.35 | 239.55 | 220.1 | 1.49% |
| रेमण्ड | 1147.05 | 1147.15 | 1001.15 | 8.01% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 310.45 | 316.8 | 308.45 | -1.27% |

## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 17.09.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 9.09.22 | 16.09.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 104.84 | 99.29 | -5.55 |
| MARCH | 101.45 | 96.15 | -5.3 |
| MAY | 99.28 | 93.9 | -5.38 |
| | | | |
| MCX (BALES) | | | |
| OCT | 36950 | 33420 | -3530 |
| NOV | 35000 | 32350 | -2650 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1736 | 1672 | -64 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| SEP | 2480 | 2784 | 304 |
| DEC | 2345 | 2335 | -10 |
| JAN | 2354 | 2354 | 0 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.65 | 79.74 | 0.09 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 223.829 | 236.791 | 12.962 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.92608 | 6.98691 | 0.06083 |
| BRAZIL (Real) | 5.14779 | 5.25209 | 0.1043 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.46024 | 1.48788 | 0.02764 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.49785 | 4.53549 | 0.03764 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 122.4 | 121.25 | -1.15 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 123.63 | 117.14 | -6.49 |
| USDA SPOT RATE | 110.38 | 101.88 | -8.5 |
| MCX SPOT RATE | 42890 | 40060 | -2830 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 22000 | 22000 | 0 |

कॉटन व्यापारियों के लिए यह सप्ताह राहतभरा कहा जा सकता है। क्योंकि लंबे समय बाद इस सप्ताह कॉटन के भाव में कमी आई है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में इस सप्ताह दिसंबर, मार्च और मई तीनों महीनों के कॉटन भाव में लगभग 5 अंक से ज्यादा की कमी देखी गई। आइए जानते है एमसीएक्स और अन्य एक्सचेंज मार्केट में क्या रही कॉटन की स्थिति-

इस सप्ताह एमसीएक्स पर अक्टूबर और नवंबर के लिए कॉटन बेल्स के भाव में क्रमशः 3530 और 2650 रूपए की गिरावट देखने को मिली। एनसीडीएक्स पर भी कपास के भाव में निगेटिव अंतर देखने को मिला। अप्रैल माह के लिए कपास के भाव सप्ताहअंत में 64 रूपए कम हुए। खल के भाव में सितंबर और जनवरी महीने के सौदे के लिए भाव में बढ़त हुई जबकि दिसंबर माह के सौदे के भाव कम हुए।

इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में भी कॉटन की दरों में कमी दर्ज की गई। सप्ताहअंत में कॉटलुक ए इंडेक्स पर 1.15, ब्राजील कॉटन इंडेक्स पर 6.49, यूएसडीए स्पॉट रेट पर 8.5 और एमसीएक्स स्पॉट रेट पर 2830 अंक का नकारात्मक अंतर रहा। केवल केसीए स्पॉट रेट पर भाव ज्यों के त्यों बने रहें।